भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *470

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

.....

कावेरी वैगई गुंदार लिंक प्रोजेक्ट

470. श्री कार्ती पी. चिदम्बरम:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में कावेरी वैगई गुंदार लिंक प्रोजेक्ट की व्यवहार्यता रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या लिंक नहर के प्रतिबंधकों का निर्माण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और शिवगंगा और पुदुकोट्टइ सहित प्रत्येक जिले में निर्मित लिंक नहर के प्रतिबंधकों की संख्या कितनी है;

(ग) इस परियोजना हेतु आवंटित/उपयोग की गई धनराशि कितनी है; और

(घ) सिंचाई तथा घरेलू एवं औद्योगिक जलापूर्ति के कारण लिंक प्रोजेक्ट से प्रतिवर्ष मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री (श्री गजेंद्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

''कावेरी वैगई गुंदार लिंक प्रोजेक्ट" के विषय पर दिनांक 25.07.2019 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 470 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) और (ख) कावेरी-वैगई-गुंदार नदी जोड़ (लिंक) परियोजना की साध्यता रिपोर्ट, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्ल्यूडीए) द्वारा वर्ष 2004 में तैयार की गई थी और संबंधित राज्यों को भेजी गई थी। कावेरी-वैगई-गुंदार नदी जोड़ परियोजना, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के प्रायद्वीपीय घटक के तहत महानदी-गोदावरी-कृष्णा-पेन्नार-कावेरी-वैगई-गुंदार नदी जोड़ प्रणाली की अंतिम नदी जोड़ परियोजना है। कावेरी-वैगई-गुंदार नदी जोड़ परियोजना की साध्यता, पूर्ववर्ती ऊपरी नदी जोड़ों द्वारा महानदी और गोदावरी नदियों से लाए जाने वाले जल पर निर्भर करती है।

कावेरी-वैगई-गुंदार नदी जोड़ परियोजना में 3.38 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई के लिए 255.60 कि.मी. लम्बी ग्रेविटी कैनल के जरिए कट्टालई बैराज से 2252 मिलियन घन मीटर (एमसीएम) जल के पंथातर की योजना है। कमान क्षेत्र, तमिलनाडु के करू , तिरूचिरापल्ली, पुदुकोट्टई, शिवगंगा, रामनाथपुरम, विरूधुनगर तथा थुतुकुड़ी सूखा प्रवण -जिलों में पड़ता है। कावेरी, वैगई-गुंदार परियोजना अभी कार्यान्वयन के चरण तक नहीं पहुंची है।

(ग) इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कोई धन राशि आबंटित/उपयोग नहीं की गई है।

(घ) कावेरी-वैगई-गुंदार नदी जोड़ परियोजना में कमान क्षेत्र के मार्ग में 62 एमसीएम घरेलू जलापूर्ति और 123 एमसीएम जल की औद्योगिक जलापूर्ति उपलब्ध कराने के अतिरिक्त, 1952 एमसीएम जल का प्रयोग करते हुए लगभग 3.88 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई करने की योजना है।

*****